UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

website -- psc.uk.gov.in

पत्रांकः 131 / 17 / ई0–2 / स0रा0अ0अधी0से0 / 2019–20 दिनांक : 22 अगस्त, 2023

विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य (सिविल) अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021
(ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक एवं गन्ना विकास निरीक्षक पदों हेतु)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सम्मिलित राज्य (सिविल) अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2021 के अन्तर्गत मुख्य परीक्षा परिणाम दिनांक 02.06.2023 में औपबन्धिक रूप से सफल अभ्यर्थियों के अभिलेखों की सन्निरीक्षा के उपरान्त अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची एवं अभ्यर्थियों से वांछित अभिलेखों की सूची आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर उपलब्ध है।

अभ्यर्थी उक्त सूची का आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** पर अवलोकन करना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी उक्त सूची के सापेक्ष अपना प्रत्यावेदन / वांछित अभिलेख **दिनांक 29 अगस्त, 2023 सांय 06:00 बजे तक** डाक अथवा अन्य किसी भी माध्यम से **सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार, पिन कोड – 249404** के कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी अपने प्रत्यावेदन / वांछित अभिलेख **ई–मेल आई0डी0 soexamtwo2@gmail.com** पर भी **दिनांक 29 अगस्त, 2023 सांय 06:00 बजे तक** प्रेषित कर सकते हैं। प्रत्योवदन के साथ अपने दावे की पुष्टि हेतु अभिलेख / प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है। उक्त अंतिम तिथि **29 अगस्त, 2023 सांय 06:00 बजे** के पश्चात् प्राप्त प्रत्यावेदनों / अभिलेखों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।